BAL BHARATI PUBLIC SCHOOL, PITAMPURA, DELHI – 110034

विषय – हिंदी

कक्षा– सातवीं

निर्देश ः-

1. दिए गए गदयांश को पढ़कर प्रश्नोत्तर कॉपी में करें।

2. कॉपी की जाँच स्कूल खुलने के बाद की जाएगी।

URA

पाठ- कंचा

प्रश्न1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए ः-

लड़कों के बीच ज़ोर्ज ही सबसे अच्छा कंचे का खिलाड़ी है । कितना भी बड़ा लड़का उसके साथ खेले ,जोर्ज से मात खाएगा ।हारने पर यों ही विदा नहीं हो सकता । हारे हुए को अपनी बंद मुट्ठी ज़मीन पर रखनी होगी ।तब जोर्ज़ कंचा चलाकर बंद मुट्ठी के जोड़ों की हड्डी तोड़ेगा । जोर्ज़ क्यों नहीं आया ? अप्पू कक्षा की तरफ़ ध्यान नहीं दे रहा है मास्टर जी ! उसने हड़बड़ी में पुस्तक खोलकर रख ली रेलगाड़ी का सबक़ था । मास्टर जी बीच-बीच में बेंत से मेज़ ठोकते हुए ऊँची आवाज़ में कह रहे थे -"बच्चो तुममें से कई ने रेलगाड़ी देखी होगी । उसे भाप की गाड़ी भी कहते हैं क्योंकि उसका यंत्र भाप की शक्ति से ही चलता है ।" अप्पू ने भी सोचा - रेलगाड़ी ! उसने रेलगाड़ी देखी है । छुक- छुक........ यही रेलगाड़ो है ।वह भाप की भी गाड़ी का मतलब ....
मास्टर जी की आवाज़ अब ऊँची थी । वे रेलगाड़ी के हर हिस्से के बारे में समझा रहे थे। लोहे का एक बड़ा काँच का जार । उसमें हरी लकीर वाले सफ़ेद गोल कंचे ।बड़े आँवले जैसे ।जोर्ज़ जब अच्छा होकर आ जाएगा ,तब उससे कहेगा । उस समय जोर्ज़ कितना खुश होगा ! सिर्फ़ वे दोनों खेलेंगे और किसी को साथ खेलने नहीं देंगे ।

क. अप्पू जोर्ज़ के साथ कंचे क्यों खेलना चाहता है ?

ख. कक्षा में बैठा अप्पू कंचों के विषय में क्या-क्या कल्पनाएँ करता है ?

ग. मास्टर जी ने रेलगाड़ी के बारे में क्या बताया ?

घ. मास्टर जी की आवाज़ अब कम ऊँची थी । वे रेलगाड़ी के बारे में बता रहे थे " मास्टर जी की आवाज़ धीमी क्यों हो गई होगी ?

ड़. पाठ की विधा और लेखक का नाम लिखिए ।

प्रश्न2. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाएँ ः-

- रेलगाड़ी -
- यंत्र -
- खिलाड़ी -
- पुस्तक -
- शक्ति -

प्रश्न3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए ः-

- अच्छा -
- हार -
- सफ़ेद -
- खुश -
- ऊँची -
- बड़ा

BAL BHA

BAL BHARATI, PITAMPURA